मांगलियावास में एलपीजी टैंकर से अवैध गैस रिफिलिंग पर कार्रवाई

एक एलपीजी टैंकर, एक लोडिंग टेंपो सहित 45 व्यावसायिक गैस सिलेंडर जब्त

अजमेर, (निसं)। हाईवे स्थित होटलों पर अवैध गैस रिफिलिंग का गोरखधंधा धड़ल्ले से चल रहा है, जो थमने का नाम नहीं ले रहा। एसपी के दिशा-निर्देशों पर अवैध गैस रिफिलिंग के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने मांगलियावास थाना क्षेत्र में एनएच-48 पर सराधना स्थित होटल पर बड़ी कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने एक एलपीजी गैस टैंकर, एक लोडिंग टेंपो सहित 45 व्यावसायिक गैस सिलेंडर जब्त किए। मामले की सूचना रसद विभाग को भी दे दी गई है। पुलिस पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार गत दिनों भी पुलिस ने इसी तरह की कार्रवाई करते हुए एक अन्य होटल से गैस रिफिलिंग में प्रयुक्त सिलेंडर जब्त किए थे, इसके बावजूद अवैध गतिविधियां लगातार जारी हैं। मांगलियावास थानाधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि सराधना स्थित होटल बालाजी पर अवैध रूप से गैस रिफिलिंग किए जाने की सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने देर रात करीब एक बजे मौके पर पहुंचकर दबिश दी। वहां एलपीजी गैस टैंकर के माध्यम से सिलेंडरों में अवैध रूप से गैस रिफिलिंग की जा रही थी। पुलिस ने मौके से गैस टैंकर को कब्जे में लेते हुए एक लोडिंग टेंपो तथा 45 व्यावसायिक गैस सिलेंडर जब्त किए। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि गैस कहां से लाई गई थी, किन उपभोक्ताओं या व्यावसायिक प्रतिष्ठानों तक इसकी आपूर्ति की जा रही थी तथा इस अवैध धंधे में कितने लोग शामिल हैं।

पुलिस ने मांगलियावास थाना क्षेत्र में सराधना स्थित होटल पर टैंकर से सिलेंडरों में अवैध तरीके से गैस रिफिलिंग पर कार्रवाई की।

- **मौके पर एलपीजी गैस टैंकर के माध्यम से सिलेंडरों में अवैध रूप से गैस रिफिलिंग की जा रही थी**

पिछले दिनों भी हुई थी कार्रवाई :- मांगलियावास थाना क्षेत्र में इससे पहले भी अवैध गैस रिफिलिंग के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। इसके बाद से एनएच-48 पर गैस रिफिलिंग और अवैध भंडारण की गतिविधियों पर पुलिस की निगरानी बढ़ा दी गई थी। हाल ही में एनएच-48 स्थित होटल जयपुर गोल्डन पर जिला स्पेशल टीम ने छापा मारकर बड़े स्तर पर अवैध गैस रिफिलिंग और भंडारण का खुलासा किया था। उस कार्रवाई में दो पिकअप वाहन, एक गैस टैंकर, एक लोडिंग टेंपो, 115 कॉमर्शियल गैस सिलेंडर, एक घरेलू गैस सिलेंडर तथा रिफिलिंग में प्रयुक्त उपकरण जब्त किए गए थे। इसके अलावा एक पिकअप वाहन में डीजल भी मिला था, जिसे जब्त किया गया।

पुलिस के अनुसार हाईवे किनारे कुछ ढाबों और होटलों की आड़ में गैस रिफिलिंग का संगठित नेटवर्क सक्रिय है। विशेषज्ञों का कहना है कि अवैध गैस रिफिलिंग से आगजनी और विस्फोट जैसी गंभीर घटनाओं का खतरा बना रहता है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बंद मकान के ताले तोड़ चार लाख का सामान चोरी

सांभर में चोरी की वारदात के बाद मकान में सामान बिखरा पड़ा है।

सांभरझील, (निसं)। यहां खटीकों की हथाई के नजदीक बड़ा बाजार स्थित घनी आबादी के बीच बंद पड़े मकान के ताले तोड़कर चोरों ने करीब चार लाख रुपए के समान पर हाथ साफ कर लिया। चोरी की घटना विनोद साहू पुत्र रामचंद्र साहू के मकान में हुई जो लंबे समय से काम के लिए जयपुर रहते हैं।

परिवार के सदस्य आशीष साहू ने बताया कि हमारी ताई जी पांच-छह रोज में एक बार अपने काम के सिलसिले में सांभर आकर इसी मकान में ठहरती है अपना काम निपटाकर वापस जयपुर चली जाती है। अभी 2 दिन पहले ही सांभर आई थी। पड़ोस में रहने वाले एक शख्स ने ताला टूटा देखा तो इसकी इत्तला परिवारजन को दी। बताया कि चोर मकान में गेट कूदकर अंदर चले गए और सीढ़ियों का दरवाजा उतार कर अंदर प्रवेश कर गए, जहां नीचे व ऊपर स्थित कमरों का ताला तोड़ा और घर में रखा समान चोरी कर ले गए।

पीड़ित ने बताया कि एक तोला सोने के टॉपिस, 3 पायजेब, 1 सोने का मांडलया, 2 कड़े चांदी के, 1 चांदी की चेन के अलावा 14 हजार नकदी भी चुरा कर ले गए। मकान बंद होने के कारण चोरों ने तसल्ली से सामान को बिखरा और पूजा स्थल में रखी चांदी की गाय की मूर्ति जरूर छोड़ दी, बाकी तीन-चार सिक्के बताए गए हैं वह नहीं मिले। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची लेकिन देर शाम तक इस मामले में कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई थी। आशीष ने बताया कि यह ऐसा घनी आबादी वाला इलाका है जहां तक मेरी जानकारी में है आज तक कभी चोरी नहीं हुई लेकिन यह तो रिकॉर्ड ही टूट गया है। इससे आसपास के रहने वाले लोगों में अब दहशत पैदा हो गई है।

चोरी की 15 बाइक सहित एक आरोपी गिरफ्तार

प्रताप नगर थाना पुलिस व डीएसटी टीम ने बाइक चोर को गिरफ्तार किया।

भीलवाड़ा, (निसं)। शहर की प्रताप नगर थाना पुलिस व डीएसटी टीम ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में आरोपी दीपक खटीक को गिरफ्तार किया है। वहीं पुलिस आरोपी से पूछताछ करने में जुटी है।

प्रताप नगर थाना प्रभारी राजपाल सिंह ने बताया कि आरोपी ने 5 नवंबर को सिद्धी प्लाजा गंगापुर चौराहे से मुकेश शर्मा की हीरो स्पेंलडर मोटरसाइकिल चोरी की थी।

पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की गई मोटरसाइकिल सहित कुल 15 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन में गठित टीम ने आरोपी दीपक खटीक (20) उर्फ दीपसा निवासी खटीक मोहल्ला, थाना भिनाय, जिला अजमेर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में प्रताप नगर थाना प्रभारी राजपाल सिंह, आशीष मिश्रा, शंभु लाल और अन्य अधिकारी शामिल थे।

बारां मेडिकल कॉलेज को देहदान मिला

कोटा, (निसं)। बूंदी जिले के एक छोटे से गांव अड़ीला के निवासी और शिक्षाविद् छोटू लाल बाथरा ने अपनी मृत्यु को भी जीवनदान में बदल दिया। उनके पार्थिव शरीर के दान से बारां मेडिकल कॉलेज के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है। कॉलेज को अपनी स्थापना के बाद पहली बार एनाटॉमी की पढ़ाई के लिए कैडेवर (पार्थिव देह) प्राप्त हुआ है।

अड़ीला गांव के त्रिमूर्ति बाल उच्च माध्यमिक विद्यालय के संस्थापक छोटू लाल बाथरा का मंगलवार शाम कोटा में आकस्मिक निधन हो गया था। उनके निधन के बाद शोकाकुल परिवार ने विलाप करने के बजाय उनकी अंतिम इच्छा को सर्वोपरि रखा। कापरेन शाखा के संरक्षक एवं ग्राम विकास प्रोजेक्ट के पूर्व नेशनल सेक्रेट्री ललित कुमार टेलर ने बताया कि बाथरा ने देहदान का संकल्प पत्र भरा था। उनके इस संकल्प को पूरा करने के लिए शाईन इंडिया फाउंडेशन के डॉ.कुलवंत गौड़ और कापरेन शाखा ने तत्काल मोर्चा संभाला। पहले कोटा में उनका नेत्रदान संपन्न हुआ और फिर उनकी देह बारां मेडिकल कॉलेज लाई गई।

सड़क हादसे में भाजपा विधायक कालूराम मेघवाल सहित दो गनमैन घायल

विधायक की कार को प्याज से भरे ट्रक ने साईड से टक्कर मार दी थी

कोटा, (निसं)। नान्ता थाना इलाके में ट्रक की टक्कर से झालावाड़ के डग से भाजपा विधायक कालूराम मेघवाल सहित दो गनमैन सड़क हादसे में घायल हो गये। जानकारी के अनुसार भाजपा विधायक की कार को प्याज से भरे ट्रक ने साईड से टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिलते ही शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम एवं पुलिस उपअधीक्षक मनीष शर्मा भी मौके पर पहुंचे।

पुलिस उप अधीक्षक मनीष शर्मा ने बताया कि हादसा नान्ता इलाके में हुआ, भाजपा विधायक की कार को साईड से एमपी नम्बर के ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल विधायक कालूराम मेघवाल और दो गनमैन मनीष और सुरेश को चोटें आई, सभी को उपचार के लिये अस्पताल लाया गया, जहां सभी को प्राथमिक उपचार दिया गया।

नान्ता थानाधिकारी चेतन शर्मा ने बताया कि डग विधायक कालूराम मेघवाल दो गनमैन के साथ कार से जयपुर की ओर जा रहे थे, एमपी नम्बर का ट्रक हैंगिग ब्रिज की तरफ जा रहा था, शंभूपुरा तिरोह पर विधायक की कार जैसे ही जयपुर जाने के घूमी तो ट्रक ने कार को साईड से टक्कर मार दी। थानाधिकारी ने बताया कि हादसे के बाद ट्रक चालक ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। हादसे में घायल सभी को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। थानाधिकारी ने बताया कि मौके से ट्रक को जप्त कर चालक की तलाश जारी है।

सड़क हादसे में घायल भाजपा विधायक कालूलराम मेघवाल का अस्पताल में उपचार किया।

आहोर में मुख्यमंत्री की सभा में प्रभारी मंत्री के.के. विश्नोई को नहीं मिली तवज्जो

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सभा में नाराज के.के. विश्नोई गले में काला गमछा पहनकर मंच पर बैठे नजर आये

जालोर, (कासं)। जालोर के निकट आहोर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के शहरी व ग्रामीण समस्या समाधान शिविर एवं विकास कार्यों के लोकार्पण व शिलान्यास समारोह के दौरान जिले के प्रभारी मंत्री के. के . विश्नोई को तवज्जो नहीं मिली। वहीं नाराज विश्नोई गले में काला गमछा पहनकर मंच पर बैठे नजर आये। वही सीएम के आगमन के चलते आहोर में करोड के भूमि घोटाला की पोल नहीं खुले जिसके चलते स्थानीय जनप्रतिनिधियों के दबाव में शिव सेना के जिला प्रमुख रुपराज राजपुरोहित को घर पर ही नजरबंद कर दिया।

आहोर में मुख्यमंत्री की जनसभा को लेकर इस बार मंच पर भी चुंनिदा नेताओं को ही बैठने दिया गया। प्रभारी मंत्री के .के .विश्नोई का रिपोर्ट कार्ड सही नहीं होने से मुख्यमंत्री के आगमन से पहले ही सम्बोधन के लिए बुलाया गया। वहीं मुख्यमंत्री के आगमन के बाद किसी प्रकार की कोई तवज्जो नही दी गई। प्रभारी मंत्री को ना तो माला, साफा व किसी प्रकार से स्वागत व सम्बोधन के लिए बुलाया गया। वहीं मुख्यमंत्री ने भी प्रभारी मंत्री से ज्यादा किसी प्रकार से कोई बातचीत नहीं की। वही नाराज प्रभारी मंत्री विश्नोई गले में काला गमछा डाले बैठे रहे, जबकि मुख्यमंत्री की सभा में आने वाले हर व्यक्ति से काली चीज बाहर ही उतरवाई व डलवाई गई। वहीं एक व्यक्ति का काला शर्ट ही उतरवा दिया, वह व्यक्ति बनियान में सभा स्थल पहुंचा। जहां सभा स्थल पर किसी प्रकार की काली वस्तु लेने जाना प्रतिबंधित रखा था, वही दूसरी तरफ प्रभारी मंत्री भाजपा का गमछा गला में डालने की बजाय विरोध का प्रतिक काला गमछा डालकर मंच पर बैठे रहे।

- **वहीं सीएम के आगमन के चलते आहोर में करोड के भूमि घोटाला की पोल नहीं खुले जिसके चलते स्थानीय जनप्रतिनिधियों के दबाव में शिव सेना के जिला प्रमुख रुपराज राजपुरोहित को घर पर ही नजरबंद कर दिया**

दूसरी तरफ मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए शिव सेना के जिला प्रमुख रुपराज राजपुरोहित को नजरबंद किया गया। शिव सेना जिला प्रमुख रुपराज आहोर में नगरपालिका की सरकार की करोड़ों की भूमि को बचाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान उनके इस मुद्दों को रखने से रोकने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने सुबह ही रुपराज राजपुरोहित के घर पर पुलिस भेजकर मुख्यमंत्री की सभा में जाने से रोका गया। सीएम की सभा तक रुपराज को घर पर ही पुलिस ने नजरबंद कर रखा। ऐसे में नजरबंद करना लोगों में चर्चा का विषय बना रहा। वही सीएम की सभा में भीड़ लाने के लिए नरेगा श्रमिकों को लाना पड़ा।

वहीं सीएम भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में जालोर की जीवन रेखा व लम्बे समय से सघर्ष कर रहे किसानों की मुख्य मांग जवाई बांध पर जालोर का हक तय करने सहित जवाई पुर्नभरण पर किसी प्रकार की बात नहीं कही।

दो गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। कुन्हाड़ी इलाके में झपट्टा मारकर कोचिंग छात्र से मोबाइल छीनने के दर्ज मामले में पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक नाबालिग को निरूद्ध किया है। पुलिस टीम ने आरोपियों के पास से 14 अन्य मोबाइल व घटना में प्रयुक्त बाइक को भी जब्त किया है।

शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि 15 दिसम्बर को महाराष्ट्र हाल लेंडमार्क सिटी निवासी एक कोचिंग छात्र ने कुन्हाड़ी थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई। कोचिंग छात्र ने रिपोर्ट में कहा कि रूम पर जाते समय रास्ते में पीछे से बाइक पर दो लड़के आये और मोबाइल पर झपट्टा मारकर छीनकर ले गये। शहर एसपी ने बताया कि फरियादी कोचिंग छात्र की रिपोर्ट पर मामला दर्ज किया गया। कुन्हाड़ी थानाधिकारी मांगेलाल यादव के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने घटनास्थल के आस-पास लगे सभी सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चैक किये। शहर एसपी ने बताया कि टीम ने बापूनगर बालिता रोड़ निवासी विजय (21) एवं बालिता रोड़ कुन्हाड़ी निवासी आकाश अहिरवार (19) को बीमार्ट के पास कुन्हाड़ी से गिरफ्तार किया।

राजस्थान में निवेश की अपार संभावनाएं : दिया कुमारी

जोधपुर, (कासं)। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान में निवेश के लिए अनुकूल माहौल है और अपार संभावनाएं मौजूद हैं। सरकार ने पिछले दो वर्षों में कई नई नीतियां लागू की हैं, जिससे विकास को गति मिली है। इसका लाभ प्रवासियों को भी मिलेगा। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी बुधवार को जोधपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बात कर रही थी।

उप मुख्यमंत्री ने सरकार के दो साल पूरे होने पर प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री के परिश्रम से राजस्थान तेजी से आगे बढ़ रहा है। विकसित भारत 2047 में विकसित राजस्थान की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों की भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि दस दिसंबर को मनाए गए प्रवासी राजस्थानी दिवस के बाद अब समय आ गया है कि प्रवासी अपनी मातृभूमि राजस्थान लौटें और यहां निवेश करें। प्रवासियों के निवेश से प्रदेश में रोजगार के नए अवसर पैदा हो सकते हैं।

- **उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने जोधपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बात की**

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी का एयरपोर्ट पर भाजपा नेताओं और मारवाड़ राजपूत सभा की ओर से स्वागत किया गया। डिप्टी सीएम के स्वागत में मारवाड़ राजपूत सभा के अध्यक्ष हनुमान सिंह खांगटा सहित अन्य पदाधिकारी, समाज के लोग और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। उपमुख्यमंत्री एयरपोर्ट से मारवाड़ जंक्शन रवाना हुईं, जहां सिरियारी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुई।

चयनित आरएएस निर्मल वर्मा की सड़क दुर्घटना में मौत

बौंली-बामनवास, (निसं)। बरनाला तहसील के स्थित बैरखंडी गांव के निवासी नव चयनित आएएस अधिकारी निर्मल कुमार वर्मा की सड़क दुर्घटना में मौत को हत्या की आशंका जताते हुए मृतक के परिजनों व ग्रामीणों ने बुधवार को भाड़ौती-मथुरा मेगा हाईवे पर स्थित बैरखंडी गेट पर 50 लाख रुपए मुआवजे एक स्थाई नौकरी एवं दुर्घटना की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर जाम लगा दिया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को आरएएस अधिकारी निर्मल कुमार वर्मा (25) एवं उनका साथी अमृत कुमार (16) निवासी बैरखंडी मलारना डूंगर अपने कार्यालय से अपने गांव की ओर जा रहे थे, इसी दौरान अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे आरएएस परीक्षा रैंक 1271 में चयनित की मौके पर ही मौत हो गई एवं साथी अमृत गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मलारना डूंगर पुलिस मौके पर पहुंची एवं शव एवं घायल को लेकर मलारना डूंगर चिकित्सालय ले जाया गया, जहां गंभीर घायल अमृतलाल को सवाई माधोपुर रैफर किया गया। सड़क दुर्घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजनों एवं ग्रामीणों ने बैरखंडी गेट मेगा हाईवे पर 50 लाख रुपए का मुआवजा एवं एक स्थाई नौकरी व सड़क दुर्घटना की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर जाम लगा दिया।

हत्या की आशंका को लेकर परिजनों व ग्रामीणों ने जाम लगाया।

जाम की सूचना पर मलारना डूंगर एवं बाटोदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची एवं ग्रामीणों व परिजनों से समझाइस की कोशिश की, लेकिन परिजनों व ग्रामीणों ने एसडीएम को मौके पर बुलाने की मांग की। सूचना के बाद बामनवास एसडीएम प्रियंका कंडेला, मलारना डूंगर एसडीएम संतोष कुमार, बरनाला तहसीलदार भगवान सहाय मौके पर पहुंचे एवं कई दौर की समझाइस के बाद करीब 4:30 बजे ग्रामीण व परिजनों में वार्ता होने पर जाम खोल दिया एवं शव को मलारना डूंगर चिकित्सालय में पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

अजमेर : ख्वाजा गरीब के 814वें उर्स की शुरुआत

अजमेर, (निसं)। सूफी संत हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 814 वें सालाना उर्स की औपचारिक शुरुआत बुधवार को दरगाह शरीफ के ऐतिहासिक बुलंद दरवाजे पर झंडा चढ़ाने की रस्म के साथ हुई। यह रस्म सूफी परंपराओं के अनुसार शानो शौकत, अकीदत और रूहानी माहौल में अदा की गई। झंडे की रस्म असर की नमाज के बाद हुई, दरगाह के बुलंद दरवाजे पर भीलवाड़ा के गौरी परिवार द्वारा सैकड़ों जायरीन व खादिमों की मौजूदगी में अदा की गई। अब चांद दिखाई देने पर 21 या 22 दिसंबर से उर्स की विधिवत धार्मिक रस्मे शुरू होंगी। छह दिवसीय उर्स के दौरान जन्नती दरवाजा आम जायरीन के लिए खोला जाएगा।

खादिम सैयद कुतुबुद्दीन सखी ने बताया कि सदियों पहले संदेश देने का कोई साधन नहीं हुआ करता था, उस समय झंडे चढ़ाकर संदेश दिया जाता था। उर्स में झंडा चढ़ाने की परंपरा अफगानिस्तान के बादशाह ने शुरू की थी, इसके बाद गौरी परिवार नियमित रूप से झंडे की रस्म निभाता चला आ रहा है। भीलवाड़ा से आए गौरी परिवार के फखरुद्दीन गौरी और सैयद मारूफ अहमद की सदारत में बुधवार शाम को असर की नमाज के बाद दरगाह गेस्ट हाउस से झंडे का जुलूस रवाना हुआ। जुलूस के आगे ढोल ताशे और कव्वाली गाते हुए शाही कव्वाल चल रहे थे, जुलूस में खादिम समुदाय के प्रतिनिधि भी शामिल रहे। जुलूस में बैंड-बाजे सूफियाना कलाम की मधुर धुन बजाते चले। जुलूस दरगाह के गेस्ट से शुरू हुआ, जो लंगर खाना गली, नला बाजार होता हुआ दरगाह के निजाम गेट में पहुंचा। झंडे को चूमने और छूने के लिए अकीदतमंदों की भीड़ उमड़ पड़ी। बड़े पीर की पहाड़ी से तोप चलाई गई। तोपों की आवाज के साथ और शाहजहांनी गेट की छत पर शादियाने बजने के साथ बुलंद दरवाजे पहुंचने पर गौरी परिवार द्वारा परंपरा के अनुरूप झंडे को फहराया। बड़े पीर की पहाड़ी से तोप चलाई गई। तोपों की आवाज संग जुलूस आगे बढ़ा। शाहजहांनी गेट की छत पर शादियाने बजाए गए। झंडे की रस्म के साथ उर्स की औपचारिक शुरुआत हो गई। अब अकीदतमंद की आवक धीरे-धीरे बढ़ेगी। रजब का चांद दिखाई देने पर अब उर्स की विधिवत शुरुआत 21 या 22 दिसंबर से होगी। इसके साथ ही दरगाह में अकीदतमंद की संख्या बढ़ती चली जाएगी। उर्स के दौरान विभिन्न रसूमात और कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।



बुलंद दरवाजे पर अकीदत के साथ उर्स का झंडा चढ़ाया।

- **भीलवाड़ा के गौरी परिवार ने निभाई परंपरा, चांद दिखाई देने पर छह दिवसीय उर्स की औपचारिक शुरुआत 21 या 22 से होगी**